Daily Current Affairs 12 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 10 अगस्त को मनाया गया विश्व शेर दिवस
• वैश्विक स्तर पर शेरों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष 10 अगस्त को 'विश्व शेर दिवस' का आयोजन किया जाता है। शेरों के संरक्षण की पहल वर्ष 2013 में शुरू हुई थी और इसी वर्ष पहला 'विश्व शेर दिवस' भी आयोजित किया गया था। पिछले 100 वर्षों में शेरों की आबादी में 80% की गिरावट दर्ज की गई है।
• इस दिवस के आयोजन का प्रमुख लक्ष्य शेरों को उनके प्राकृतिक आवास में संरक्षित करने हेतु जागरूकता बढ़ाना है। यह शेर समुदाय की सुरक्षा संबंधी उपायों पर भी काम करता है।

2. कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लम्पी स्किन रोग की स्वदेशी वैक्सीन की लॉन्च
• 10 अगस्त, 2022 को कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पशुधन को त्वचा रोग से बचाने के लिये स्वदेशी वैक्सीन 'लम्पी-प्रोवैक' (लम्पी- प्रो वैक-इंड/Lumpi-ProVacInd) का शुभारंभ किया है। इस वैक्सीन को हरियाणा स्थित हिसार के राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र ने विकसित किया है। इस अनुसंधान में बरेली स्थित इज्जतनगर के भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने सहयोग किया है।

3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 3 लोगों के नेतृत्व में बने विश्व शांति, UNO में प्रस्ताव पेश करेंगे मैक्सिकन राष्ट्रपति
• मैक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रे मैनुएल लोपेज़ ओब्रेडॉर ने वैश्विक शांति के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, संयुक्तराष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतेरस और पोप फ्राँसिस के तीन सदस्यीय आयोग बनाने के लिये संयुक्त राष्ट्र को लिखित प्रस्ताव सौंपने की घोषणा की हैं। वैश्विक शांति आयोग के माध्यम से पूरे विश्व में युद्ध रोकने का प्रयास किया जायेगा।
• आयोग का उद्देश्य कम से कम पाँच वर्ष तक के लिये युद्ध विराम संधि सुनिश्चित करना है। इस कदम से विश्वभर की सरकारों को अपने नागरिकों विशेषकर युद्ध की विभीषिका का सामना कर रहे लोगों को राहत पहुँचाने में मदद मिलेगी।

4. केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार आज 'स्माइल-75 पहल' का करेंगे शुभारम्भ
• 12 अगस्त, 2022 को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा 'स्माइल-75 पहल' (SMILE-75 Initiative) का नई दिल्ली में शुभारंभ करेंगे। SMILE का पूरा नाम 'आजीविका और उद्यम के लिए हाशिये पर रहने वाले लोगों की मदद' (Support for Marginalised Individuals for Livelihood and Enterprise) है।
• इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के माध्यम से राष्ट्रव्यापी स्तर पर शुरू किया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा स्माइल परियोजना के लिए 2025-26 तक के लिए कुल 100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

Daily Current Affairs 12 August 2022

5. निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में एशियाई क्षेत्रीय मंत्र की वर्चुअल बैठक का आयोजन किया
• 11 अगस्त, 2022 को निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में एशियाई क्षेत्रीय फोरम के वर्चुअल सम्मेलन की मेजबानी की है। बैठक की थीम "चुनावों को समावेशी, सुगम्य और सहभागिता पूर्ण बनाना" है। अगले महीने ही मैक्सिको का नेशनल इलेक्टोरल इंस्टीट्यूट वैश्विक लोकतंत्र शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।
• इस वैश्विक सम्मेलन और क्षेत्रीय फोरम की बैठक का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विश्वभर की चुनावी संस्थाओं के बीच तालमेल बढ़ाना और चुनावी लोकतंत्र को मजबूत करना है।

6. रूसी रॉकेट 'सोयुज' ने ईरानी उपग्रह 'खय्याम' का किया सफलतापूर्वक प्रक्षेपण
• हाल ही में रूसी रॉकेट सोयुज ने एक ईरानी उपग्रह 'खय्याम' को कक्षा में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। सोयुज रॉकेट को कजाकिस्तान में रूस द्वारा पट्टे पर दिए गए बैकोनूर लॉन्च सुविधा से किया गया था। प्रक्षेपण के लगभग नौ मिनट बाद इसने खय्याम नामक ईरानी उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया।
• इसका नाम फारसी वैज्ञानिक उमर खय्याम के नाम पर रखा गया है, जो 11वीं और 12वीं शताब्दी में रहते थे। इसके उच्च-रिज़ॉल्यूशन कैमरे से लैस उपग्रह का उपयोग पर्यावरण निगरानी के लिए किया जाएगा और यह पूरी तरह से उसके नियंत्रण में रहेगा।

7. तेलंगाना सरकार ने नेथन्ना बीमा योजना की लॉन्च
• हाल ही में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने हथकरघा और बिजली करघा बुनकरों के लिए एक जीवन बीमा योजना 'नेथन्ना बीमा' (Nethanna Bima) योजना लॉन्च की है। यह देश में अपनी तरह की पहली ऐसी योजना है।
• इससे 80 लाख बुनकर परिवारों को फायदा होगा। यह योजना बुनकर परिवारों को बीमा कवरेज देगी। इस योजना के तहत किसी भी तरह की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना में बुनकर परिवार को 5 लाख रुपये का बीमा मिलेगा।

8. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना
• 31 दिसम्बर, 2024 तक जारी रखने की मंजूरी दीकेन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) के अंतर्गत सबके लिए आवास मिशन 31 दिसम्बर, 2024 तक जारी रखने की स्वीकृति दे दी है।
• योजना के अंतर्गत इस वर्ष 31 मार्च तक स्वीकृत 122 लाख से अधिक आवासों को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। देश के शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र लाभार्थियों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की यह योजना केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में एक है। राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों ने इस योजना को जारी रखने का अनुरोध किया था।

9. उत्तराखंड में होगा नेशनल स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप का आयोजन
• 12 से 14 अगस्त, 2022 तक उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद मुख्यालय के नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में नेशनल स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया जाएगा है। उत्तराखंड में यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। चैंपियनशिप के दौरान स्पीड स्पीड क्लाइम्बिंग, लीड क्लाइम्बिंग और बोल्डरिंग क्लाइम्बिंग प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

Daily Current Affairs 12 August 2022

10. मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना को दी मंजूरी

• हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री नारी सम्मान कोष का गठन किया है। इसके अलावा सरकार ने 'मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना' लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना में बाल देख-रेख संस्थाओं को छोड़ने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के केयर लीवर्स (आफ्टर केयर) और संबंधियों अथवा संरक्षकों के साथ जीवन-यापन करने वाले 18 वर्ष तक की आयु के अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता (स्पॉन्सरशिप) दी जायेगी।

• इस योजना में केयर लीवर्स को इंटर्नशिप के समय 5 हज़ार रुपए प्रतिमाह अधिकतम एक वर्ष के लिये और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर 5 हज़ार रुपए प्रतिमाह अधिकतम 2 वर्ष के लिये दिये जाएंगे। साथ ही NEET, JEE या CLAT से पाठ्यक्रम में प्रवेश करने वाले केयर लीवर्स को आजीविका व्यय के लिये 5 हज़ार रुपए प्रतिमाह दिये जाएंगे।